AJ-1416

M.A. (Previous) Term End Examination, 2021-22

HINDI (Paper-I)

(प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य)

Time : 3 hours] **[Maximum Marks : 100**

नोट- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं तीन की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :- **10×3=30**

(क) खने-खन नयन कोन अनुसरई, खने-खन बसन-धूलि तनु भरई।
खने-खन दसन छटा हास, खने-खन अधर आगे गहु बास।
बँहकि चलए खने-खन चलु मन्द, मन मथ पाठ-पहिल अनुबन्ध।
हिरदय-मुकुल हेरि-हेरि थोर, खने आँचर दए खने होय भोर।
बाला सैसव तारुन भेंट, लखए न पारिअ जेठ कलेढ़।
विद्यापति कह सुन बर कानू, तरुरिम सैसत जिन्हए न जानू।।

अथवा

हिरदा भीतरी दौ बलैं, धुंवां न परगत होइ।
जाकै लागी सो लखै, कै जिहि लाई सोइ।।
पारबम्ह के तेज का कैसा है उनमान।
कहिबे कूँ सोभा नहीं, देख्या ही परवान।।

(ख) कुहुकि-कुहुकि जस कोकिल रोई, रकत आँसु धुंघंयी बन बोई।
भइ करमुखी नैन तन राती, को सेराव, ? विरहा दुख लाली।
जहँ-जहँ ठाढ़ि होइ बनवासी, तहँ तहँ होइ घुंघुंची कै रासी।
बूंद-बूंद महँ जानहुँ जीऊ, गुंजा गुंजि करै पिउ-पीऊ।
तेहि दुख भए परास निपाते, लोहू-बुड़ि उठे होइ राते।
राते बिंब भीजि तेहि लोहू। पखर पाक, फाट हिए गोहूँ।
देखौ जहाँ होइ-सोइ राता, जहाँ सो रतन कहै को बाता।

अथवा

आयो धोख बड़ौ व्यौपारी,
लादि खेप गुन-ज्ञान जोग की, ब्रज में आय उतारी।
फाटक देर हारक मांगत, ऐसौ निपट अनारी।
घुर ही तें खोटो खायो है, लदि फिरत ज्ञान सिर भारी।
इनके कहे, कौन डहकावै, ऐसी कौन अजानी?
अपनो दूध छाँड़ि को पीवै, खार कूप को पानी।
ऊधौ जाहु सवार यहाँ ते, बेगि गहरु जनि लावौ।
मुँह मांग्यौ पैहो सूरज प्रभु, साहुति आनि दिखावौ।।

(ग) प्रविशि नगर कीजै सब काजा, हृदय राखि कोशलपुर राजा।
गरल सुधा रिपु कैरे मिताई, गोपद सिंधु अनल सितलाई।
गरुअ सुमेरु सेणु सम नाहीं। रामकृपा कर चितहैं ताही।
अति लघु रूप धरै हुनमाना पैठेउ नगर सुमिरि भगवाना।।

अथवा

मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ।
जा तन की झांई परति, स्यामु हरित दुति होइ।।
रस सिंगार मंजनु किए, कंजनु भंजनु दैन।
अंजनु रंजनु हूँ, बिना, खंजनु-गंजनु नैन।।

2. गीति काव्य की दृष्टि से विद्यापति के गीतों का मूल्यांकन कीजिए। **15**

अथवा

पद्मावत अन्योक्ति काव्य है अथवा समासोक्ति। स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कबीर की भाषा पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

3. सुन्दर काण्ड की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **15**

अथवा

बिहारी ने अपने दोहों में व्यंजना शक्ति का सहारा लेकर गागर में सागर भरने का सफल प्रयास किया है। इस कथन के आलोक में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

अथवा

सूर के काव्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

4. टिप्पणी लिखिए :-(कोई चार) **4×5=20**

(1) मीरा की भक्ति
(2) केशवदास का पाण्डित्य (आचार्यत्व)
(3) भूषण के काव्य का कलापक्ष
(4) कृष्ण भक्ति और रसखान
(5) अमीर खुसरो की पहेलियाँ
(6) नंददास का अष्टछाप में योगदान
(7) रहीम का व्यक्तित्व एवं कृतित्व

5. संक्षिप्त उत्तर दीजिए :-(कोई 10) **10×2=20**

(1) रसखान के गुरु का नाम लिखिए।
(2) मीरा के सांसारिक पति का नाम लिखिए।
(3) विद्यापति की काव्य भाषा क्या है?
(4) वाणी का डिक्टेटर किसे कहा गया है?
(5) रामचरितमानस में कितने काण्ड हैं?
(6) रीति काल की कितनी शाखाएँ हैं?
(7) छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कबीरपंथ का समागम स्थल कहाँ है?
(8) रामचन्द्रिका किसकी रचना है?
(9) सूफी काव्य में परमात्मा किस रूप में है?
(10) घनानंद किसके दरबारी कवि थे?
(11) उद्धव शतक किसकी रचना है?
(12) कवि पदमाकर की दो रचनाएँ कौन-सी हैं?
(13) देव किस काल के कवि हैं?
(14) तुलसीदास की अधिकांश रचनाएँ किस घाट पर लिखी गई हैं?
(15) कवि बिहारी की रचना का नाम लिखिए।